Title: Requested the Minister, Human Resource Development to establish a Navodaya Vidyalaya in Rohtas district of Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि देश के हर जिले में एक नवोदय विद्यालय की स्थापना की जायेगी। लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी बिहार राज्य के रोहतास जिले में नवोदय विद्यालय की स्थापना नहीं की गयी है। जिसका नतीजा यह है कि जिले के गरीब छात्रों को जिले से बाहर पढ़ाई के लिए जाना पड़ता है जिसके कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि रोहताश जिले में एक नवोदय विद्यालय की स्थापना की जाये।